



## एक नजर में

### राष्ट्र जागरण में संतों का योगदान अतुलनीय : जितेंद्र पंवार



**बुरहानपुर।** विश्व हिन्दू परिषद मालवा प्रांत के 10 दिवसीय परिषद शिक्षा वर्ग के चौथे दिवस पर धर्मराजेश्वर में आयोजित बौद्धिक सत्र में विहिप के भोपाल क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री जितेंद्र जी पंवार का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में राष्ट्र जागरण में संतों का योगदान विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। पंवार ने कहा कि भारतभूमि ऋषियों,मुनियों एवं संतों की तपोभूमि रही है। आदि.अनादि काल से संत समाज ने जनजागरण,धर्मरक्षा एवं समाज संगठन का कार्य किया है। संतों ने भारतीय जीवन मूल्यों के अनुरूप जीवन पद्धति का निर्माण कर समाज को दिशा प्रदान की है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र निर्माण एवं समाज जागरण में संतों का योगदान सदैव प्रेरणादायी रहा है। उन्होंने विभिन्न पंथों, संप्रदायों एवं परंपराओं के संतों, ऋषियों और मुनियों के जीवन तथा उनके समाज व राष्ट्र के प्रति योगदान का विस्तृत वर्णन किया। उन्होंने शिक्षार्थियों से संतों के आदर्शों को जीवन में आत्मसात कर राष्ट्र एवं समाज के लिए कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर मंच पर प्रांत सत्संग प्रमुख श्री आशुतोष शेखावत उपस्थित रहे। बौद्धिक सत्र में वर्ग के समस्त शिक्षार्थी एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

### 44वीं जूनियर और सब जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप : बुरहानपुर के खिलाड़ियों ने फहराया परचम



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक बुरहानपुर आशुतोष बागरी के मार्गदर्शनए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री गौरव पाटिल के प्रोत्साहन से जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 44वीं जूनियर एवं सब जूनियर नेशनल शूटिंग बॉल चैंपियनशिप 2026 प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व करने जिला बापतलाएआंध्र प्रदेश गई थी। उक्त राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 29 मई 2026 से 31 मई 2026 तक जिला बापतलाए आंध्र प्रदेश में संपन्न हुई ।प्रतियोगिता में अंडर.17 एवं अंडर.19 बालक एवं बालिका वर्ग में भारत के विभिन्न राज्यों की टीमें ने की सहभागिता। राष्ट्रीय प्रतियोगिता खिलाड़ी इस प्रकार हैं। बालिका वर्ग:– दिव्यानी महाजन, ज्योति दशोरे, चित्रा रत्नपारके,वैष्णवी महाजन,दीपाली श्रीवास,दिव्यांशी शाह,पूजा पवार। **बालक वर्ग:**–राहुल कापसे ,स्वास्तिक राजपूत,अंश पंकज देव, चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली टीमों को निम्न पुरस्कारों से पुरस्कृत किया गया जिसमें प्रथम पुरस्कार 16,000/–, द्वितीय पुरस्कार 14,000/–, तृतीय पुरस्कार 8,000/–,चतुर्थ पुरस्कार 6,000/– । बुरहानपुर जिले से मध्य प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए इस राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता में टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया जिन्हें वहां से प्राइज मनी प्राप्त हुई एक.एक मेडल ट्रैकसूट और किट मध्य प्रदेश टीम के द्वारा दी गई साथ ही मध्य प्रदेश टीम का कोच के रूप में ममता श्रीमती ममता देव बुरहानपुर जिले से दोनों टीम की कोच रही इन्हीं के साथ में वरिष्ठ कोच हेमा चितवनी भोपाल से रही जिनके अथक प्रयास से टीम ने आज इतना बड़ा स्थान प्राप्त किया ।सभी खिलाड़ियों को जिला संगठन के सचिव संतोष महाजन वरिष्ठ खिलाड़ी पंकज महाजन शिक्षा विभाग से श्रीमान गोपाल चौधरी स्वप्निल माधोपुर का सुभाष यादव सर दिगंबर महाजन मनोज महाजन की ओर से बधाई दी गई।

### बुरहानपुर पुलिस कर रही थाना क्षेत्रों में शाम के समय लगातार पैदल पेट्रोलिंग



**बुरहानपुर।** पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए समस्त थाना प्रभारियों को थाना क्षेत्र में शाम में पैदल फुट पेट्रोलिंग करते हुए अवैध गतिविधियों पर सतत निगरानी रखने हेतु निर्देशित किया गया है।इसी तारतम्य में अतिपुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश एवं नगर पुलिस अधीक्षक गौरव पाटिल के मार्गदर्शन में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा दिनांक 04/06/2026 को थानाध्चौकी क्षेत्र में पैदल फुट पेट्रोलिंग भ्रमण किया, भ्रमण के दौरान मुख्य चौराहों, बाजार, धार्मिक स्थलोंए बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, सार्वजनिक स्थानों होटल ढाबों लॉज आदि की औचक चैकिंग करते हुए अवैध रूप से जमाबड़ा कम करने एवं किसी प्रकार की अवैध गतिविधियां न हो इसकी समझाइश दी गई।फुट पेट्रोलिंग के दौरान सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करने के संबंध में किया जा रहा है लोगों को जागरूक। यदि कोई व्यक्ति इस तरह की गतिविधियों में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### मुस्लिम युवक पर तीन बच्चों की मां को भगाने का आरोप, नेपानगर थाने पहुंचे हिंदू संगठन, कार्रवाई की मांग



**नेपानगर।** एक विवाहित आदिवासी महिला के कथित रूप से लापता होने और उसे एक मुस्लिम युवक द्वारा बहला.फुसलाकर ले जाने के आरोप को लेकर नेपानगर में विवाद गहरा गया है।मामले को लेकर विभिन्न हिंदू संगठनों और सकल हिंदू समाज के पदाधिकारियों ने नेपानगर थाने पहुंचकर आक्रोश जताया तथा पुलिस प्रशासन से त्वरित और कड़ी कार्रवाई की मांग की।हिंदू संगठनों का आरोप है कि महिला विवाहित है और तीन बच्चों की मां है। आरोप है कि एक मुस्लिम युवक उसे बहला.फुसलाकर अपने साथ ले गया। घटना की जानकारी सामने आने के बाद समाज के लोगों में नाराजगी फैल गई और बड़ी संख्या में लोग थाने पहुंचे। हिंदू नेता शंकर चौहान ने आरोप लगाते हुए कहा कि आदिवासी समाज की एक विवाहिता महिला को जबरन भगाने का मामला गंभीर है। उन्होंने प्रशासन से आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यदि आरोप सिद्ध होते हैं तो आरोपी के खिलाफकठोर कदम उठाए जाएं।

**पुलिस जांच पर टिकी निगाहें:**– मामले में अब तक पुलिस की ओर से परिजनों की शिकायत पर महिला की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और महिला की स्थिति तथा घटना के वास्तविक तथ्यों का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# आपदा प्रभावित किसानों के बीच पहुंचे प्रभारी मंत्री सिलावट

**फसल को नुकसान का लिया जायजा, कहा– संकट की घड़ी में सरकार हर किसान के साथ...**

**खामनी और दर्यापुर रैयत में आयोजित चौपाल में किसानों से किया सीधा संवाद, पारदर्शी सर्वे के साथ त्वरित राहत के दिए निर्देश**





**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के नेतृत्व में जल संसाधन विभाग एवं प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट बुरहानपुर जिले में प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की पीड़ा को समझने और राहत कार्यों की जमीनी स्थिति का जायजा लेने के लिए गुरूवार को ग्राम खामनी एवं टेम्भी पहुंचे।उन्होंने प्रभावित खेतों का निरीक्षण कर फसल नुकसानी का अवलोकन किया और किसानों से आत्मीय संवाद कर उनकी समस्याओं और चिंताओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना।

किसानों के बीच बैठकर प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के दुख.दर्द में सहभागी है और संकट के इस दौर में किसी भी प्रभावित किसान को अकेला नहीं छोड़ा जाएगा। उन्होंने भरोसा दिलाते हुए कहा कि प्राकृतिक आपदा से प्रभावित प्रत्येक पात्र अन्नदाता को नियमानुसार राहत एवं सहायता उपलब्ध कराई जाएगी।

**4 दिवस के भीतर सर्वे पूर्ण करने के निर्देश:**–ग्राम टेम्भी में कृषक मधुकर पिता विश्वनाथ के खेत में पहुंचकर प्रभारी मंत्री सिलावट ने केला फसल को हुए नुकसान का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि बुरहानपुर जिला केला उत्पादन के लिए प्रदेश और देश में विशेष पहचान रखता है तथा एक जिला.एक उत्पाद योजना के अंतर्गत केला जिले की प्रमुख फसल है। ऐसे में किसानों को हुए नुकसान के आंकलन एवं राहत वितरण में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।

**न कोई गांव छूटे, न कोई किसान:**– ग्राम खामनी एवं दर्यापुर रैयत में आयोजित किसान चौपाल के दौरान प्रभारी मंत्री सिलावट ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि फसल क्षति का सर्वे किसानों की उपस्थिति में, पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने तहसीलदारों, पटवारियों एवं सर्वे दलों को खेतों तक पहुंचकर वास्तविक स्थिति का आंकलन करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की उदासीनता एवं लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यदि सर्वे कार्य में कोई अधिकारी या कर्मचारी लापरवाही करता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**4 दिन में सर्वे पूर्ण करने और शीघ्र प्रकरण तैयार करने के निर्देश:**–प्रभारी मंत्री सिलावट ने कलेक्टर हर्ष सिंह को निर्देशित किया कि आरबीसी 6.4 के अंतर्गत नियमानुसार प्रकरण तैयार कर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि राहत वितरण की प्रक्रिया समयब,पारदर्शी एवं पात्रता आधारित होनी चाहिए, जिससे प्रभावित किसानों को शीघ्र लाभ मिल सके। जानकारी अनुसार गत दिनों आयी प्राकृतिक आपदा से जिले के करीबन 169 ग्रामों के 4,000 से अधिक किसान प्रभावित हुए है। प्रभावित क्षेत्र का अनुमानित रकबा 5473.38 हे.है। प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि सर्वेक्षण दल अन्नदाताओं की भावनाओं एवं सरकार की मंशानुसार सर्वेक्षण कार्य करें।

**अन्नदाताओं को दिया भरोसा, समस्याओं के लिए सीधे संपर्क का आग्रह:**– प्रभारी मंत्री सिलावट ने किसानों से कहा कि वे किसी भी प्रकार की चिंता न करें। प्रदेश सरकार उनकी हर संभव सहायता के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि यदि किसी किसान को सर्वे अथवा राहत संबंधी कोई समस्या आती है तो वह सीधे उनसे संपर्क कर अपनी बात रख सकता है। प्रभारी मंत्री ने कहा कि जिले में हुई फसल क्षति के संबंध में वे मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से चर्चा करेंगे तथा यह सुनिश्चित करने का प्रयास करेंगे कि किसानों को अधिकतम राहत एवं सहायता का लाभ प्राप्त हो।

**ग्राम खामनी एवं दर्यापुर रै.में सीधे संवाद के लिए चौपाल का आयोजन:**– किसान संवाद कार्यक्रम के दौरान विधायक अर्चना चिटनिस ने सुझाव दिया कि सर्वे रिपोर्ट संबंधित ग्राम पंचायतों में सार्वजनिक रूप से चस्पा की जाए, ताकि क्षेत्र के किसान उससे अवगत हो सकें। उन्होंने कहा कि यदि किसी किसान को सर्वे रिपोर्ट पर आपत्ति हो तो उसकी निष्पक्ष जांच की जाए तथा संपूर्ण प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंतिम सूची पुनः सार्वजनिक की जाए। वहीं नेपानगर विधायक सुश्री मंजू दादू ने नेपानगर क्षेत्र में हुई फसल क्षति की जानकारी से प्रभारी मंत्री श्री सिलावट को अवगत कराया।

**जनसरोकार का संदेश:**–बुरहानपुर प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने पब्लिक ट्रांसपोर्ट ;मिनी बसद्ध का उपयोग कर आमजन से जुड़ाव एवं सार्वजनिक परिवहन को प्रोत्साहित करने का संदेश भी दिया। विदित है कि प्रधानमंत्री मोदी के पब्लिक ट्रांसपोर्ट के उपयोग के आव्हान पर प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों द्वारा पब्लिक ट्रांसपोर्ट का उपयोग किया जा रहा है। बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू,जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला अध्यक्ष मनोज माने, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, एसपी आशुतोष बागरी और अन्य लोग मौजूद रहे।

## शाहपुर में धरना : पूर्व मंत्री ने किसानों को बीमा लाभ देने की मांग उठाई



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जिले में हाल ही में केला फसल को भारी नुकसान हुआ है। 30, 31 मई और 1 जून की सुबह प्राकृतिक आपदा के कारण 35 से अधिक गांवों में केला फसल प्रभावित हुई।इस नुकसान के विरोध में ग्रामीण कांग्रेस ने गुरुवार को शाहपुर में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चले इस प्रदर्शन में प्रदेश के पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव भी शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने केला फसल पर बीमा का लाभ दिए जाने की मांग की।

सभा को संबोधित करते हुए पूर्व कृषि मंत्री सचिन यादव ने कहा कि कांग्रेस ने श्जय जवानए जय किसानश् का नारा दिया था, लेकिन डबल इंजन की सरकार ने इसे बदलकर मर किसान, मर जवान कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेशभर में अन्नदाताओं की यही स्थिति है। यादव ने कहा कि कहने को तो श्डबल इंजन की सरकार है, लेकिन जब किसान को समस्या होती है या प्राकृतिक आपदा आती है,तो उसका एक भी इंजन किसान के साथ खड़ा नहीं होता।

**भाजपा की सोच में किसान दूर.दूर तक नहीं :**– यादव ने सवाल उठाया कि ऐसा बार.बार क्यों होता है, खासकर तब जब देश और प्रदेश में भाजपा की सरकार होती है। उन्होंने कहा कि भाजपा की सोच में किसान दूर.दूर तक नहीं हैं,यह बड़े.बड़े पूंजीपतियों की पार्टी है। चुनाव आने पर ये वोट मांगते हैं और बड़े.बड़े वादे करते हैं, लेकिन जब भी देश या प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी है, तो सबसे ज्यादा नुकसान अन्नदाता का ही हुआ है। सचिन यादव ने बताया कि उन्होंने खामनी गांव में एक किसान गोपाल के खेत का दौरा किया। किसान गोपाल ने बताया कि उन्होंने 35 हजार केले के पौधे लगाए थे और एक पौधे को तैयार करने में 150 रुपए का खर्च आया। यादव ने कहा कि किसानों को उतना मुआवजा नहीं मिलता और फसल बीमा योजना लागू होनी चाहिए।

**पूर्व विधायक बोले. फसल बीमा होना चाहिए:**– वहीं पूर्व विधायक व ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष रविंद्र महाजन ने कहा. सभी की मांग है कि किसानों का फसल बीमा होना चाहिए। नुकसान को लेकर भाजपा गंभीर नहीं दिख रही। वह सिर्फफोटो खिंचवाने के काम में लगी है।किसानों का फसल बीमा होना चाहिए।महाराष्ट्र में किसानों को फसल बीमा का लाभ मिल रहा है, लेकिन मप्र के किसानों को यह लाभ नहीं मिल रहा है। अधिकारियों से बात करो तो ध्यान नहीं दे रहे। व्यापारी चाहते हैं कि किसानों का केला मंहगा हो। इस दौरान जिलेभर से कांग्रेस नेता, कार्यकर्ता पदाधिकारी मौजूद थे।

## संतोष परिहार को उदन्त मार्तण्ड लोक संवाद सम्मान



**नवभारत न्यूज, बुरहानपुर।** सामाजिक, साहित्यिक आध्यात्मिक राष्ट्रीय संस्था दृष्टि गुना द्वारा हिंदी पत्रकारिता के द्विशताब्दी वर्ष के अवसर पर पत्रकारिता इतिहास कल और आज साहित्यिक संगोष्ठी,पुस्तक लोकार्पण एवं सम्मान समारोह का आयोजन गुना में सम्पन्न हुआ ।

संस्था द्वारा बुरहानपुर नगर के वरिष्ठ कहानी एवं उपन्यासकार संतोष परिहार के नए सातवें कहानी संग्रह जो हो न सका का लोकार्पण एवं परिहार को उदन्त मार्तण्ड लोक संवाद सम्मान 2026 साहित्य की समग्र विधाओं में सक्रिय लेखन के लिए सम्मानित किया गया । जो हो न सका संतोष परिहार का सातवां कहानी संग्रह एवं तीसवीं स्वलिखित पुस्तक है। कार्यक्रम में देशभर से पधारे पचास से अधिक साहित्यकार पत्रकार सम्मानित किया गया ।

समारोह के मुख्य अतिथि डॉ.विकास दवे निर्देशक,म.प्र.साहित्य अकादमी भोपाल अध्यक्षता डॉ.रामस्नेही लाल शर्मा श्यायावर ;फिरोजाबाद सारस्वत अतिथि डॉ. सतीश चतुर्वेदी शाकुन्तल मुख्य वक्ता डॉ.राम परिहार थे । कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डॉ.अनिरुद्ध सिंह सैंगर ने किया । पधारे पत्रकारों एवं साहित्यकारों का आभार मिथलेश सैंगर द्वारा व्यक्त किया गया ।

## राजस्थानी समाज ट्रस्ट अध्यक्ष बने मुकेश देवड़ा



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** राजस्थानी समाज ट्रस्ट बुरहानपुर के आगामी 2 वर्ष के लिए चुनाव अधिक। पूर्व सचिव अशोक लोहिया ने बताया कि उपाध्यक्ष राजेश जैन, राजेंद्र जालन, सचीव जतनलाल सेठिया ,सह सचीव पवन ठोलिया ,कोषाध्यक्ष गोपाल बंका,सह कोषाध्यक्ष रामेश्वर मंत्री,पूर्व अध्यक्ष कैलाश पारीक सहित कुल 21 सदस्यों की कार्यकारिणी घोषित की गई। ट्रस्ट द्वारा कार्यकारिणी में दो सदस्य ओमप्रकाश पारीक एवं रामधारी मित्तल को कार्यकारिणी में मनोनीत किया है। ट्रस्ट सदस्य रामकुमार अग्रवाल ने बताया की अध्यक्ष बनने पर राजस्थानी समाज ट्रस्ट की ओर से जगदीशप्रसाद लाढ ,रामधारी मित्तल, माधव बिहारी अग्रवाल, धरमचंद जैन,महेश जोशी के साथ साथ कार्यकारणी सदस्यों ने बधाई प्रेषित की। साथ ही मारवाड़ी युवा मंच एवं लायंस क्लब, अग्रवाल सेवा समिति, माहेश्वरी समाज,सकल जैन समाज, अग्रवाल समाज बुरहानपुर, शहर के जनप्रतिनिधि सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, विधायक अर्चना चिटनिस, पूर्व विधायक ठाकुर सुरेन्द्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, महापौर माधुरी अतुल पटेल, अजय रघुवंशी,कोंग्रेस जिलाध्यक्ष रिंकू टाक आदि ने बधाई दी।

## पर्यावरण संरक्षण को समर्पित शिक्षक संजय राठौड़ ने लगाए हजारों पौधे...



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे पर्यावरण मित्र संजय राठौड़ पिछले 20 वर्षों से निरंतर वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संवर्धन के कार्यों में सक्रिय हैं।उन्होंने अपने खेत की चारों मेड़ों पर फलदार आम के पौधे लगाए थे, जो आज विशाल वृक्षों का रूप ले चुके हैं और कई पेड़ों पर फल भी आने लगे हैं। यह उनकी दूरदर्शिता, मेहनत और प्रकृति के प्रति समर्पण का जीवंत उदाहरण है।

संजय राठौड़ ने अपने पर्यावरण सहयोगी मित्रों के साथ मिलकर विभिन्न स्थानों पर वृहद स्तर पर वृक्षारोपण किया है।अनेक स्थानों पर पौधों की सुरक्षा हेतु स्थायी जल व्यवस्था की गई है,वहीं कई स्थानों पर स्वयं एवं सहयोगियों द्वारा प्रतिदिन श्रमदान कर गर्मी के मौसम में पौधों को पानी देकर संरक्षित किया जाता है। उनके अथक प्रयासों से पिछले 20 वर्षों में लगाए गए हजारों पौधे आज हरे.भरे वृक्ष बनकर पर्यावरण को समृद्ध कर रहे हैं।गायत्री परिवार से दो दशकों से जुड़े संजय राठौड़ को संगठन के सप्त आंदोलनों में प्रमुख पर्यावरण आंदोलन के अंतर्गत जिला पर्यावरण प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है। वे पेशे से शासकीय शिक्षक हैं तथा शासकीय माध्यमिक शाला तुरकगुराड़ा में पदस्थ हैं।

विशेष बात यह है कि वे प्रतिवर्ष अपने खेत में हजारों पौधे तैयार करते हैं और ग्रामवासियों, विद्यालयों, शिक्षकों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं को जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ तथा अन्य शुभ अवसरों पर नि:शुल्क पौधे भेंट कर वृक्षारोपण के लिए प्रेरित करते हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाते हैं।उनके प्रयासों से अनेक युवा, विद्यार्थी, शिक्षक एवं ग्रामीण पर्यावरण संरक्षण अभियान से जुड़े हैं और अपने.अपने क्षेत्रों में हरियाली बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। वर्षा ऋतु में वे प्रतिवर्ष लगभग 500 फलदार, छायादार एवं बिल्वपत्र के पौधे नि:शुल्क वितरित करते हैं।

संजय राठौड़ का मानना है कि केवल पौधे लगाना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनकी सुरक्षा और देखभाल कर उन्हें वृक्ष बनाना ही सच्चा पर्यावरण संरक्षण है। उनके कार्य समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हुए हैं। राठौड़ ने बताया 5जून विश्व पर्यावरण दिवस पर ग्राम बोदरली के मोहना ब्लडी पर ट्यूबल होने से भरपूर पानी एवं पौधों के लिए ड्रिप नली की व्यवस्था पर वृक्षारोपण कार्यक्रम रखा गया है ।

**एक नजर**

**समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश, किसानों की उपस्थिति में किया जाना चाहिए सर्वेक्षण**

# अन्नदाता के सम्मान में समझौता नहीं, पारदर्शी और निष्पक्ष होगा फसल क्षति सर्वे : मंत्री सिलावट

**जनकल्याणकारी योजनाओं,पेयजल प्रबंधन और जल संरक्षण अभियानों की प्रगति की समीक्षा**



**नवभारत न्यूज,**
**बुरहानपुर।** जल संसाधन विभाग एवं जिले के प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने कहा है कि प्रदेश सरकार अन्नदाताओं के सम्मान और हितों की रक्षा के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक आपदा से प्रभावित किसानों की फसलों के नुकसान का सर्वेक्षण पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और जवाबदेही के साथ किया जाएगा।

उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सर्वेक्षण दल खेतों में पहुंचकर किसानों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों की उपस्थिति में वास्तविक क्षति का आंकलन करें।सर्वे कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।लेख है कि प्रवास के दौरान प्रभारी मंत्री सिलावट से मुलाकात कर सांसद श्री ज्ञानेश्वर पाटिल ने जिले में प्राकृतिक आपदा से हुई फसल क्षति की जानकारी देकर अवगत कराया।

प्रभारी मंत्री सिलावट ने जिले के एक दिवसीय प्रवास के दौरान संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में विभिन्न विभागों की गतिविधियों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा.निर्देश प्रदान किए।

**पेयजल एवं विद्युत व्यवस्थाओं पर विशेष जोर:**– बैठक में विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए प्रभारी मंत्री सिलावट ने अधिकारियों को आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने नगरीय निकायों एवं संबंधित विभागों को ग्रीष्मकालीन परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए पेयजल प्रबंधन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने को कहा।साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के साथ.साथ पशुओं के लिए भी पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने तथा तकनीकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

**हर पात्र हितग्राही तक पहुंचे योजनाओं का लाभ:**– प्रभारी मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समयबद्ध और प्रभावी रूप से पहुंचे, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशीलता के साथ शासन की योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया।

**जल गंगा संवर्धन अभियान बने जन आंदोलन:**– प्रभारी मंत्री तुलसीराम सिलावट ने जल संरक्षण के महत्व पर बल देते हुए कहा कि जल गंगा संवर्धन अभियान को जनभागीदारी से जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए।उन्होंने शैक्षणिक संस्थाओंए सामाजिक संगठनों और लोगों को अभियान से जोड़कर व्यापक जनजागरूकता लाने की बात कही।

**एक पेड़ मां के नाम अभियान में बढ़े जनसहभागिता :**– बैठक में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत व्यापक पौधारोपण पर भी जोर दिया गया। प्रभारी मंत्री सिलावट ने निर्देश दिए कि शासकीय कार्यालयों, विद्यालयों एवं अन्य संस्थानों की बाउंड्री के आसपास अधिक से अधिक पौधे लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि नवाचारों और जनसहयोग के माध्यम से अभियान को जन.जन तक पहुंचाया जाए तथा पर्यावरण संरक्षण को जनभागीदारी से सशक्त बनाया जाए।

**विद्यालय खुलने से पहले पूरी हों सभी तैयारियां :**– आगामी शैक्षणिक सत्र को ध्यान में रखते हुए प्रभारी मंत्री ने शिक्षा विभाग को निर्देश दिए कि विद्यालयों में आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि स्कूल खुलने से पूर्व बैठकें आयोजित कर आधारभूत सुविधाओंए स्वच्छताए पेयजलए फर्नीचर एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा कर उन्हें सुनिश्चित किया जाए, ताकि विद्यार्थियों को बेहतर और सुगम शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध हो सके।

बैठक में बुरहानपुर विधायक अर्चना चिटनिस, नेपानगर विधायक मंजू दादू, जिला पंचायत अध्यक्ष गंगाराम मार्को, जिला अध्यक्ष मनोज माने, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्डेकर, सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी, वनमण्डलाधिकारी विद्याभूषण सिंह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।